श्री दुर्गा चालीसा

Shri Durga Chalisa

Source: npm registry — hindu-devotional-texts 0.8.0 and MIT reuse source. Also compared: npm registry — integrity-pinned hindu-devotional-texts 0.8.0 tarball; Internet Archive — 51 Chalisa Sangrah, Durga printed pages 173–176 (comparison only; additional closing doha).

CHAUPAI 1

नमो नमो दुर्गे सुख करनी।
नमो नमो अम्बे दुःख हरनी॥

namo namo durge sukha karanī|
namo namo ambe duḥkha haranī||

CHAUPAI 2

निराकार है ज्योति तुम्हारी।
तिहूँ लोक फैली उजियारी॥

nirākāra hai jyoti tumhārī|
tihūm̐ loka phailī ujiyārī||

CHAUPAI 3

शशि ललाट मुख महाविशाला।
नेत्र लाल भृकुटि विकराला॥

śaśi lalāṭa mukha mahāviśālā|
netra lāla bhṛkuṭi vikarālā||

CHAUPAI 4

रूप मातु को अधिक सुहावे।
दरश करत जन अति सुख पावे॥

rūpa mātu ko adhika suhāve|
daraśa karata jana ati sukha pāve||

CHAUPAI 5

तुम संसार शक्ति लय कीना।
पालन हेतु अन्न धन दीना॥

tuma saṃsāra śakti laya kīnā|
pālana hetu anna dhana dīnā||

CHAUPAI 6

अन्नपूर्णा हुई जग पाला।
तुम ही आदि सुन्दरी बाला॥

annapūrṇā huī jaga pālā|
tuma hī ādi sundarī bālā||

CHAUPAI 7

प्रलयकाल सब नाशन हारी।
तुम गौरी शिवशंकर प्यारी॥

pralayakāla saba nāśana hārī|
tuma gaurī śivaśaṃkara pyārī||

CHAUPAI 8

शिव योगी तुम्हरे गुण गावें।
ब्रह्मा विष्णु तुम्हें नित ध्यावें॥

śiva yogī tumhare guṇa gāveṃ|
brahmā viṣṇu tumheṃ nita dhyāveṃ||

CHAUPAI 9

रूप सरस्वती को तुम धारा।
दे सुबुद्धि ऋषि-मुनिन उबारा॥

rūpa sarasvatī ko tuma dhārā|
de subuddhi ṛṣi-munina ubārā||

CHAUPAI 10

धरा रूप नरसिंह को अम्बा।
प्रगट भईं फाड़कर खम्बा॥

dharā rūpa narasiṃha ko ambā|
pragaṭa bhaīṃ phāḍ<nukta>akara khambā||

CHAUPAI 11

रक्षा कर प्रह्लाद बचायो।
हिरण्याक्ष को स्वर्ग पठायो॥

rakṣā kara prahlāda bacāyo|
hiraṇyākṣa ko svarga paṭhāyo||

CHAUPAI 12

लक्ष्मी रूप धरो जग माहीं।
श्री नारायण अंग समाहीं॥

lakṣmī rūpa dharo jaga māhīṃ|
śrī nārāyaṇa aṃga samāhīṃ||

CHAUPAI 13

क्षीरसिन्धु में करत विलासा।
दयासिन्धु दीजै मन आसा॥

kṣīrasindhu meṃ karata vilāsā|
dayāsindhu dījai mana āsā||

CHAUPAI 14

हिंगलाज में तुम्हीं भवानी।
महिमा अमित न जात बखानी॥

hiṃgalāja meṃ tumhīṃ bhavānī|
mahimā amita na jāta bakhānī||

CHAUPAI 15

मातंगी अरु धूमावति माता।
भुवनेश्वरी बगला सुख दाता॥

mātaṃgī aru dhūmāvati mātā|
bhuvaneśvarī bagalā sukha dātā||

CHAUPAI 16

श्री भैरव तारा जग तारिणी।
छिन्न भाल भव दुःख निवारिणी॥

śrī bhairava tārā jaga tāriṇī|
chinna bhāla bhava duḥkha nivāriṇī||

CHAUPAI 17

केहरि वाहन सोह भवानी।
लांगुर वीर चलत अगवानी॥

kehari vāhana soha bhavānī|
lāṃgura vīra calata agavānī||

CHAUPAI 18

कर में खप्पर-खड्ग विराजै।
जाको देख काल डर भाजे॥

kara meṃ khappara-khaḍga virājai|
jāko dekha kāla ḍara bhāje||

CHAUPAI 19

सोहै अस्त्र और त्रिशूला।
जाते उठत शत्रु हिय शूला॥

sohai astra aura triśūlā|
jāte uṭhata śatru hiya śūlā||

CHAUPAI 20

नगर कोटि में तुम्हीं विराजत।
तिहुंलोक में डंका बाजत॥

nagara koṭi meṃ tumhīṃ virājata|
tihuṃloka meṃ ḍaṃkā bājata||

CHAUPAI 21

शुम्भ निशुम्भ दानव तुम मारे।
रक्तबीज शंखन संहारे॥

śumbha niśumbha dānava tuma māre|
raktabīja śaṃkhana saṃhāre||

CHAUPAI 22

महिषासुर नृप अति अभिमानी।
जेहि अघ भार मही अकुलानी॥

mahiṣāsura nṛpa ati abhimānī|
jehi agha bhāra mahī akulānī||

CHAUPAI 23

रूप कराल कालिका धारा।
सेन सहित तुम तिहि संहारा॥

rūpa karāla kālikā dhārā|
sena sahita tuma tihi saṃhārā||

CHAUPAI 24

परी गाढ़ सन्तन पर जब-जब।
भई सहाय मातु तुम तब तब॥

parī gāḍh<nukta>a santana para jaba-jaba|
bhaī sahāya mātu tuma taba taba||

CHAUPAI 25

अमरपुरी अरु बासव लोका।
तब महिमा सब रहें अशोका॥

amarapurī aru bāsava lokā|
taba mahimā saba raheṃ aśokā||

CHAUPAI 26

ज्वाला में है ज्योति तुम्हारी।
तुम्हें सदा पूजें नर-नारी॥

jvālā meṃ hai jyoti tumhārī|
tumheṃ sadā pūjeṃ nara-nārī||

CHAUPAI 27

प्रेम भक्ति से जो यश गावै।
दुःख दारिद्र निकट नहिं आवें॥

prema bhakti se jo yaśa gāvai|
duḥkha dāridra nikaṭa nahiṃ āveṃ||

CHAUPAI 28

ध्यावे तुम्हें जो नर मन लाई।
जन्म-मरण ताकौ छुटि जाई॥

dhyāve tumheṃ jo nara mana lāī|
janma-maraṇa tākau chuṭi jāī||

CHAUPAI 29

जोगी सुर मुनि कहत पुकारी।
योग न हो बिन शक्ति तुम्हारी॥

jogī sura muni kahata pukārī|
yoga na ho bina śakti tumhārī||

CHAUPAI 30

शंकर आचारज तप कीनो।
काम अरु क्रोध जीति सब लीनो॥

śaṃkara ācāraja tapa kīno|
kāma aru krodha jīti saba līno||

CHAUPAI 31

निशिदिन ध्यान धरो शंकर को।
काहु काल नहिं सुमिरो तुमको॥

niśidina dhyāna dharo śaṃkara ko|
kāhu kāla nahiṃ sumiro tumako||

CHAUPAI 32

शक्ति रूप को मरम न पायो।
शक्ति गई तब मन पछितायो॥

śakti rūpa ko marama na pāyo|
śakti gaī taba mana pachitāyo||

CHAUPAI 33

शरणागत हुई कीर्ति बखानी।
जय जय जय जगदम्ब भवानी॥

śaraṇāgata huī kīrti bakhānī|
jaya jaya jaya jagadamba bhavānī||

CHAUPAI 34

भई प्रसन्न आदि जगदम्बा।
दई शक्ति नहिं कीन विलम्बा॥

bhaī prasanna ādi jagadambā|
daī śakti nahiṃ kīna vilambā||

CHAUPAI 35

मोको मातु कष्ट अति घेरो।
तुम बिन कौन हरै दुःख मेरो॥

moko mātu kaṣṭa ati ghero|
tuma bina kauna harai duḥkha mero||

CHAUPAI 36

आशा तृष्णा निपट सतावे।
मोह मदादिक सब विनशावै॥

āśā tṛṣṇā nipaṭa satāve|
moha madādika saba vinaśāvai||

CHAUPAI 37

शत्रु नाश कीजै महारानी।
सुमिरौं इकचित तुम्हें भवानी॥

śatru nāśa kījai mahārānī|
sumirauṃ ikacita tumheṃ bhavānī||

CHAUPAI 38

करो कृपा हे मातु दयाला।
ऋद्धि-सिद्धि दे करहु निहाला॥

karo kṛpā he mātu dayālā|
ṛddhi-siddhi de karahu nihālā||

CHAUPAI 39

जब लगि जियउं दया फल पाऊं।
तुम्हरो यश मैं सदा सुनाऊं॥

jaba lagi jiyauṃ dayā phala pāūṃ|
tumharo yaśa maiṃ sadā sunāūṃ||

CHAUPAI 40

दुर्गा चालीसा जो नित गावै।
सब सुख भोग परमपद पावै॥

durgā cālīsā jo nita gāvai|
saba sukha bhoga paramapada pāvai||

CHAUPAI 41

देवीदास शरण निज जानी।
करहु कृपा जगदम्ब भवानी॥

devīdāsa śaraṇa nija jānī|
karahu kṛpā jagadamba bhavānī||

Source licence notice (it travels with every copy of this text):

MIT License

Copyright (c) 2026 Ishank Gupta and contributors to hindu-devotional-texts

Permission is hereby granted, free of charge, to any person obtaining a copy
of this software and associated documentation files (the "Software"), to deal
in the Software without restriction, including without limitation the rights
to use, copy, modify, merge, publish, distribute, sublicense, and/or sell
copies of the Software, and to permit persons to whom the Software is
furnished to do so, subject to the following conditions:

The above copyright notice and this permission notice shall be included in all
copies or substantial portions of the Software.

THE SOFTWARE IS PROVIDED "AS IS", WITHOUT WARRANTY OF ANY KIND, EXPRESS OR
IMPLIED, INCLUDING BUT NOT LIMITED TO THE WARRANTIES OF MERCHANTABILITY,
FITNESS FOR A PARTICULAR PURPOSE AND NONINFRINGEMENT. IN NO EVENT SHALL THE
AUTHORS OR COPYRIGHT HOLDERS BE LIABLE FOR ANY CLAIM, DAMAGES OR OTHER
LIABILITY, WHETHER IN AN ACTION OF CONTRACT, TORT OR OTHERWISE, ARISING FROM,
OUT OF OR IN CONNECTION WITH THE SOFTWARE OR THE USE OR OTHER DEALINGS IN THE
SOFTWARE.